हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 3 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 29.2 डिग्री
न्यूनतम 15.6 डिग्री

12 नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ हुआ संपन्न, 4 लोगों ने ...



12 आवारा पशुओं की सुरक्षा के लिए बाल वैज्ञानिकों ...





## खबर संक्षेप

### ट्रेलर की टक्कर से एक घायल

**महासमुंद।** बैतारी चौक के पास ट्रेलर की टक्कर से एक बाइक सवार घायल हो गया। रिपोर्ट पर सिंघोड़ा थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्यारीलाल साहू निवासी ग्राम कलेंडा ने बताया कि 31 जनवरी को उसका चचेरा भाई जगत राम साहू अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीडी 1253 से सरायपाली आ रहा था, तभी ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 पीएस 1324 के चालक द्वारा बैतारी चौक के पास एक्सीडेंट कर दिया गया। जिससे उसके पैर में चोट लगी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### देशी प्लेन शराब जब्त एक गिरफ्तार

**महासमुंद।** ग्राम हरदी में एक व्यक्ति के कब्जे से देशी प्लेन शराब जब्त किया गया है।



मामले को लेकर पिथौरा पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम हरदी का मनबोध मिरी पिता बेदराम मिरी (36 साल) अपने घर के सामने अवैध रूप से शराब बिक्री हेतु रखा है। मौके पर पहुंचकर आरोपी के कब्जे से 36 पौवा देशी प्लेन यूनिक शराब कीमत 2880 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## आर्थिक संकट : बागबाहरा-पिथौरा मुख्य मार्ग पर किया आंदोलन

# धान बेच नहीं पाने से नाराज किसानों ने प्रदर्शन कर किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना

सत्यापन के बाद भी धान नहीं बेच पाने से नाराज दर्जनों किसानों ने सोमवार को बागबाहरा-पिथौरा मुख्य मार्ग पर धरना प्रदर्शन कर चक्का जाम किया। बागबाहरा तहसील अंतर्गत प्राथमिक कृषि शाख सहकारी समिति तेंदूकोना के 50 किसानों का कुल 6201 क्विंटल धान बिक्री हेतु पहले ही सत्यापित हो चुका है बावजूद टोकन नहीं काटा गया है। जिससे आक्रोशित किसानों ने ट्रैक्टर में धान लोड कर नारे बाजी करते हुए सड़क पर बैठ गए।

सोमवार सुबह 10 बजे सभी किसान जिला सहकारी बैंक के सामने एकत्रित हुए जहां सभा का आयोजन कर प्रदर्शन की शुरुवात की बाद 12.30 बजे सभी नाराज किसान धान की बोरी को सड़क पर रखकर बैठ गए करीब 4 घंटा चले इस चक्का जाम के दौरान दो पहिया चार पहिया वाहनों की यहां लंबी कतारें लगी रही। हालांकि, अधिकांश वाहनों को पुलिस द्वारा अन्य मार्गो से बागबाहरा पिथौरा की ओर डायवर्ट किया।



बागबाहरा एसडीएम, तहसीलदार ने धरना स्थल पहुंचकर किसानों से चर्चा की व धरना प्रदर्शन को समाप्त करने की बात कही। किंतु, किसान नहीं माने वे अपनी मांग पर डटे रहे। प्रशासन की ओर से कोई भी सकारात्मक जवाब नहीं मिलने से नाराज किसानों ने आखिरकार शाम 4 बजे चक्का जाम को समाप्त करते हुए जब तक धान की खरीदी न हो जाए तब तक सांकेतिक धरना प्रदर्शन जारी रखने की बात कही।

इस दौरान बृजलाल साव भारतीय किसान संघ जिला उपाध्यक्ष, धनंजय साहू, मयाराम साहू, तोरण दास बैरागी, टेनुराम साहू, देवेंद्र बैरागी, चंद्रहास साहू, कमल किशोर ध्रुवंशी, रेवा राम साहू, चोवाराम चंद्राकर, सुरेश वाघमारे, तुलाराम साहू, मनोहर पटेल, देवंतीन दीवान, जीवनी साहू, भगवंतीन दीवान, डिगेश्वर दीवान, सुमेर सिंह चक्रधारी, हृदय साहू, भूपेंद्र साहू, भुवन साहू, हेमंत साहू, रूपराम चक्रधारी, रूपनारायण साहू, दिव्यानंद साहू, भानु साहू, भगत राम दीवान, अंतराम साहू, जितेंद्र कुमार साहू आदि किसान उपस्थित रहे।

### धान खरीदी की तिथि व लिमिट बनी बाधा

**पिथौरा (ग्रामीण)।** समर्थन मूल्य पर धान नहीं बिक पाने से नाराज ग्रामीण सेवा सहकारी समिति मर्यादित राजाडेरा के सैकड़ों किसानों ने सोमवार को जोरदार प्रदर्शन किया। किसानों ने धान से भरे 50 से अधिक ट्रैक्टरों के साथ तहसीलदार कार्यालय पहुंचकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान नगर में करीब आधा किलोमीटर तक ट्रैक्टरों की लंबी कतारें लगी रही। किसानों का आरोप है कि उन्होंने लिमिट और खरीदी तिथि बढ़ाने की लगातार मांग की, लेकिन शासन-प्रशासन ने कोई निर्णय नहीं लिया। इससे किसानों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। प्रदर्शन करने गए किसानों को पुलिस प्रशासन ने तहसील कार्यालय के मुख्य गेट पर बैरिकेडिंग कर रोक दिया, जिससे नाराजगी और बढ़ गई। किसानों ने सड़क पर बैठकर प्रदर्शन शुरू कर दिया, हालांकि एक ओर से यातायात सुचारू बना रहा। इस प्रदर्शन में भाजपा पार्टी से जुड़े कई नेता भी मौजूद रहे। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए। किसानों का आरोप है कि इस वर्ष प्रशासन द्वारा उन्हें लगातार परेशान किया गया और घरों से धान की जब्ती की कार्रवाई की गई, जिससे आक्रोश और बढ़ा। किसानों ने ₹गांजा नहीं, हम धान उगाते हैं₹ जैसे नारे भी लगाए। बाद में तहसीलदार मनीषा देवांगन ने किसानों से चर्चा कर उनकी मांगें उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। इसके बाद किसान तहसील परिसर में पहुंचकर कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। इस प्रदर्शन में अरण्ड, टेका, सोनासिल्ली, खुटेरी, कौहाकुड़ा, बरेकेल, पिथौरा, सुखीपाली और बगारपाली सहित आसपास के गांवों के किसान भी शामिल हो गए। वहीं राजाडेरा, जम्हर, खुसरूपाली, गोडबहाल, कोकोभाठा, छिबर्रा और कोचर्रा के सैकड़ों किसान शाम तक तहसील कार्यालय के सामने धरने पर डटे रहे। इस दौरान एसडीएम बजरंग सिंह वर्मा और तहसीलदार मनीषा देवांगन लगातार उच्च अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा करते रहीं। किसानों का साफ कहना है कि जब तक उनके धान की खरीदी नहीं की जाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।



एसडीएम बजरंग सिंह वर्मा ने बताया कि कलेक्टर, डीएमओ, मार्कफेड के अधिकारी, डीआरसीएच और सीसीपी नोडल को मामले की जानकारी दे दी गई है। यह उच्च स्तरीय निर्णय का विषय है। किसानों की मांगें कलेक्टर सहित वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचा दी गई हैं।

# ग्रामीणों ने सरकारी जमीन पर उद्योग लगाने का किया विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ बंबूरडीह के ग्रामीणों ने कलेक्टर को पत्र लिखकर दर्ज कराई आपत्ति

जिले के अंतर्गत आने वाले ग्राम बंबूरडीह के निवासियों ने गांव की शासकीय और सीलिंग भूमि को उद्योग विभाग को आवंटित किए जाने के खिलाफ विरोध जताया है। ग्रामीणों ने इस संबंध में कलेक्टर को एक औपचारिक पत्र लिखकर अपनी कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है और चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ग्रामीण शत्रुहन कोसरे, मोहितराम, प्रताप, नीलकंठ बारले, समारु, चंद्रकुमार ने बताया है कि ग्राम बंबूरडीह पटवारी हल्का नंबर 20 में स्थित खसरा नंबर 932, 940, 944 और 974 की कुल 7.10 हेक्टेयर भूमि शासकीय और सीलिंग रिकॉर्ड में दर्ज है। इस भूमि पर एक ऐतिहासिक पर्वत स्थित है, जहां पर्रापाट देवालय बना हुआ है। यह मंदिर आसपास के कई गांवों के लोगों की आस्था का मुख्य केंद्र है। ग्रामीणों को डर है कि यदि यहां उद्योग स्थापित होता है, तो उनकी धार्मिक परंपराएं और शांति भंग हो जाएगी। इसके अलावा, ग्रामीणों ने पर्यावरण और वन्यजीवों की सुरक्षा का मुद्दा भी उठाया है।

आवेदन में बताया गया है कि इस पहाड़ी से मात्र 5 किलोमीटर की दूरी पर मुंगई माता पहाड़ी स्थित है। वहां से जंगली जानवर अक्सर विचरण करते हुए बंबूरडीह की पहाड़ी तक आते हैं। अगर यहां फैक्ट्रियां या आश्रय बनते हैं, तो इन जानवरों का प्राकृतिक आवास नष्ट हो जाएगा और उनके अस्तित्व पर संकट खड़ा हो जाएगा।

### चारागाह और स्थानीय विरोध

ग्रामीणों के अनुसार, यह जमीन मवेशियों के लिए चारागाह के रूप में सुरक्षित है। गांव वालों ने स्पष्ट किया है कि यदि ग्राम पंचायत के सरपंच या सचिव ने ग्रामीणों को जानकारी दिए बिना इस जमीन को उद्योग के लिए देने का अनापत्ति प्रमाण पत्र दे दिया। ग्रामीणों ने कहा है कि कि कोई प्रस्ताव शासन को भेजा है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी उन्हीं की होगी।

### आंदोलन की चेतावनी

समस्त ग्रामवासियों ने एकजुट होकर प्रशासन से मांग की है कि इस जमीन को किसी भी उद्योग या आश्रम के लिए आवंटित न किया जाए। पत्र में साफ तौर पर कहा गया है कि यदि शासन-प्रशासन ग्रामीणों की भावनाओं के विपरीत जाकर भूमि आवंटन की प्रक्रिया जारी रखता है, तो ग्रामीण आंदोलन करेंगे। इस स्थिति में होने वाली किसी भी अप्रिय घटना या अव्यवस्था की जिम्मेदारी पूरी तरह से शासन और प्रशासन की होगी।

# ओडिशा से गांजा तस्करी कर रहे 5 आरोपी गिरफ्तार, 20 लाख का सामान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के कोमाखान थाना क्षेत्र में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ओडिशा से गांजा लेकर आ रहे चार तस्करों और रायपुर के एक मुख्य खरीददार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 25 किलो गांजा और नगदी समेत कुल 19.84 लाख रुपये का सामान बरामद किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि ओडिशा की ओर से एक कार में गांजे की बड़ी खेप छत्तीसगढ़ लाई जा रही है। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के निर्देशों का पालन करते हुए पुलिस ने घेराबंदी की। 1 फरवरी को कार्रवाई के दौरान टाटा जेस्ट कार क्रमांक सीजी 10 एएस 9099 को रोका गया। तलाशी लेने पर कार से 25 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। इस मामले की खास बात यह है कि पुलिस ने न केवल माल सप्लाई करने वालों को पकड़ा, बल्कि उस मुख्य व्यक्ति को भी दबोच लिया जो इस खेप को खरीदने वाला था। गिरफ्तार आरोपियों में बंशी साहू निवासी आजाद चौक, रायपुर शामिल है, जो इस अवैध माल का मुख्य खरीददार बताया जा रहा है।



### पांच आरोपियों की हुई गिरफ्तारी

पुलिस ने इस मामले में कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया है जिसमें प्रशांत नंदा (बलांगीर, ओडिशा), संजय नाग (बलांगीर, ओडिशा), दीपक महानंद (बलांगीर, ओडिशा), शंकर हरपाल (बलांगीर, ओडिशा), बंशी साहू (आजाद चौक, रायपुर) को पकड़ा है। पुलिस द्वारा जब्त किए गए सामान की कुल कीमत 19,84,100 रुपये आंकी गई है जिसमें गांजा 25 किलोग्राम कीमत 12,50,000 रुपये, टाटा जेस्ट कार कीमत 5,00,000 रुपये और 2,03,100 रुपये नगद 5 अलग-अलग कंपनियों के फोन कीमत 31,000 रुपये को जब्त किया हैं।

### नारकोटिक्स एक्ट के तहत हुई कार्रवाई

पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट की धारा 20(बी)(ii)(सी) और 29 के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों, उनके बैंक खातों और संपत्तियों की जांच कर रही है ताकि इस पूरे गिरोह का भंडाफोड़ किया जा सके। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि यदि उनके पास नशे के अवैध व्यापार से जुड़ी कोई भी जानकारी हो, तो वे तुरंत पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गुप्त रखी जाएगी।

# सिरपुर महोत्सव में बाबा हंसराज की भक्ति संध्या ने बांधा समां



**महासमुंद।** प्रदेश की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर नगरी सिरपुर में आयोजित तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव के पहले दिन प्रसिद्ध लोक-भक्ति गायक बाबा हंसराज रघुवंशी की भव्य प्रस्तुति दी। रघुवंशी ने अपने लोकप्रिय भजन मेरा भोला है भंडारी, करे नंदी की सवारी, शिव समा रहे मुझमें, लागी लगन शंकरा..., भोला मस्त मलंग... अयोध्या आए मेरे प्यारे, राम सिया राम और भोलेनाथ की शादी हैजैसे गीतों से समां बांध दिया। मधुर आवाज और भावपूर्ण गायन पर दर्शक झूम उठे और पूरा परिसर बोल बम के जयकारों से गूंज उठा। बाबा हंसराज की प्रस्तुति ने सिरपुर की पावन धरती को शिवमय वातावरण में परिवर्तित कर दिया। भक्तों ने भक्ति गीतों का आनंद लिया और पूरा माहौल शिव भक्ति में रंग गया। वहीं सुनील तिवारी लोक कला मंच के रंग-झांझर कार्यक्रम ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इसके साथ ही महोत्सव में छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति एवं देश की शास्त्रीय, सूफी और आधुनिक संगीत विधाओं की मनमोहक प्रस्तुतियां भी हुईं। फुलझरिया कर्मा पार्टी द्वारा कर्मा नृत्य, छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच द्वारा लोक कला प्रदर्शन, इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के कलाकारों द्वारा कत्थक एवं लोक नृत्य ने दर्शकों को खूब प्रभावित किया। शास्त्रीय संगीत के अंतर्गत ध्रुपद, सितार वादन, ओडिसी नृत्य, भरथरी प्रस्तुति एवं तथागत नाटक ने कार्यक्रम को और भी गरिमामय बनाया।

### सिरपुर महोत्सव 2026 का भव्य समापन आज

**महासमुंद।** ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक स्थल सिरपुर में आयोजित तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव का समापन आज मंगलवार 3 फरवरी को होगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में खाद्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल शामिल होंगे तथा अध्यक्षता सांसद रूप कुमारी चौधरी करेंगी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक महासमुन्द योगेश्वर राजू सिन्हा, विधायक बसना संपत अग्रवाल, विधायक खल्लारी द्वारिकाधीश यादव, विधायक सरायपाली चातुरी नन्द, जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा किशन पटेल, छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष महासमुंद निखिल कांत साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष दिशा राम स्वरुप दीवान, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष बागबाहरा खिलेश्वरी बघेल, जनपद पंचायत बागबाहरा केशव नायकराम चंद्राकर, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सरायपाली सरस्वती चंद्र पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष पिथौरा उषा धृतलहरे, नगर पंचायत अध्यक्ष बसना डॉ. खुशबू अभिषेक अग्रवाल, जनपद पंचायत अध्यक्ष पिथौरा डिलेश्वरी निराला, नगर पंचायत अध्यक्ष पिथौरा देवेश निषाद, जनपद पंचायत अध्यक्ष सरायपाली लक्ष्मी पटेल, जिला पंचायत सदस्य सृष्टि अमर चंद्राकर, राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्काउट एवं गाइड संघ छत्तीसगढ़ इंद्रजीत सिंह खालसा गोल्डी, जनपद पंचायत सदस्य दशरी ध्रुव तथा जिला अध्यक्ष भारत स्काउट एवं गाइड संघ ऐतराम साहू तथा गणमान्य अतिथि, अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में आम नागरिकों की उपस्थिति रहेगी।

# महानदी आरती में श्रद्धा, भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



**महासमुंद।** सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक नगरी सिरपुर में आयोजित तीन दिवसीय सिरपुर महोत्सव के पावन अवसर पर महानदी तट पर शाम 7.30 बजे दिव्य महानदी आरती का आयोजन किया गया। इस आध्यात्मिक आयोजन में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा शामिल हुए। विधायक सिन्हा ने अपनी धर्मपत्नी प्रिया सिन्हा के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर दीप प्रज्ज्वलन किया तथा श्रद्धा भाव से महानदी आरती संपन्न की। उन्होंने महानदी तट पर दीपदान कर जिलेवासियों की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की मंगल कामना की। महानदी आरती के दौरान संपूर्ण वातावरण वैदिक मंत्रोच्चार, शंख ध्वनि एवं मधुर भक्ति संगीत से भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने पूर्ण आस्था और भावनाओं के साथ आरती में सहभागिता कर आध्यात्मिक ऊर्जा एवं आत्मिक शांति का अनुभव किया। महानदी के पावन तट पर प्रज्ज्वलित सैकड़ों दीपों की जगमगाहट, लहरों पर पड़ती रोशनी और सामूहिक आरती का मनोहारी दृश्य उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर गया। इस अवसर पर नगरपालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, प्रकाश शर्मा, रमेश साहू, सिरपुर गंधेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट के दाऊलाल चंद्राकर, सरपंच सिरपुर पुष्पा के. माली सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, श्रद्धालु, पर्यटक एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### सिरपुर महोत्सव एवं राजिम कुंभ में उपेक्षा से नाचा गम्मत महासंघ में रोष



नर्रा। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष रंजीत चक्रधारी ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के अनमोल धरोहरों में से एक पारंपरिक विधा नाचा गम्मत जो कि छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित पड़ोसी राज्य हरियाणा, उड़ीसा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार जैसे राज्यों में अपने मंचीय प्रस्तुति से स्वस्थ मनोरंजन करने के साथ जन - जागरूकता का संदेश देने वाले नाचा गम्मत विधा को सिरपुर महोत्सव एवं राजिम कुंभ में मंच प्रदान न करना बहुत ही दुखद है। जिले एवं गरियाबंद जिले में नाचा गम्मत के 100 संस्था है लेकिन, आवेदन करने के बावजूद एक भी स्थानीय संस्था सहित प्रदेश के एक भी कार्यक्रम को मंच प्रदान नहीं किया गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ ने शासन प्रशासन के रवैए पर रोष जताया।

# अधिवक्ता संघ के नए पदाधिकारियों ने ली पद और गोपनीयता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का परिचय एवं शथग्रहण समारोह जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया के मुख्य आतिथ्य व गरिमामय उपस्थिति में सुपन्न हुआ। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को उनके पद की गोपनीयता एवं कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई।

न्यायाधीश ने अधिवक्ता संघ के हित में कार्य करने, बार एवं बेंच के मध्य समन्वय बनाये रखने पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश प्रफुल्ल सोनवानी ने संघ हित में निष्पक्ष एवं समर्पित भाव से कार्य करने की सलाह दी। जिला अधिवक्ता संघ के निर्वाचन अधिकारी सुरेश चंद्राकर ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से उर्जावान, पारदर्शी एवं निष्ठापूर्वक संघ के हित में कार्य करने हेतु उत्साहित किया।

जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि वे भविष्य में भी सभी अधिवक्ताओं की अपेक्षा के अनुरूप संघ हित में निरन्तर कार्य करते रहेंगे। इसी क्रम में नवनिर्वाचित सचिव संदीप कुमार साहू ने सभी वरिष्ठ अधिवक्ताओं के मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद, साथ ही साथी अधिवक्ताओं के सहयोग एवं विश्वास के लिए हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया तथा ऊर्जावान होकर संपूर्ण जिला अधिवक्ता संघ के संपूर्ण कार्यप्रणाली को पारदर्शिता पूर्वक संचालन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन संघ के पूर्व सचिव भरत ठाकुर के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश आनंद बोरकर, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी चेतना ठाकुर, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी अरूण नोरगे ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का उत्साहवर्धन किया । इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष तरूण जलक्षत्री, कनिष्ठ उपाध्यक्ष वंदना नंद, सहसचिव राजेश दीवान, कोषाध्यक्ष शिवकुमार भारद्वाज, क्रीड़ा सचिव कृष्ण कुमार पटेल,




ग्रंथालय सचिव रूपम शर्मा, कार्यकारिणी सदस्यगण धनेश चंद्राकर, जनक साहू, राजेंद्र साहू, कुंदन चंद्राकर, दुर्गेश निराला, गिरजा साहू सहित वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्तागण भरत सिंह कसार, खगेश्वर पटेल, राजेश तिवारी, भूपेंद्र राठौड, प्रलय थिटे, सुधीर वर्मन, नारायण सिंह ठाकुर, हैदर खां कादरी, शैलेंद्र शर्मा, भूपेंद्र चंद्राकर, ओ.पी. शुक्ला, सुभाष वैष्णव, संजय गिरि, सुरेन्द्र गिरि, जितेंद्र लालवानी, प्रवीण झा, जितेंद्र इदिकर, मणिराम साहू, सुरेंद्र चौधरी, सुरेश नशीने, दीना प्रसाद रात्रे, नरेंद्र ढीढी, विमल प्रधान, मोबिन कुरैशी, नंदकुमार जोगी, आरडी पटेल, चंद्रहास कश्यप, जेएस चावला, ऋषि शर्मा, शशांक तिवारी, हरीश यादव, संदीप चंद्राकर, सुमित्रा वस्त्रकार, उत्पला शर्मा, झामिन निषाद, ईश्वरी निषाद, धर्मेंद्र ठाकुर, भैयालाल चंद्राकर, रिखी साहू, अब्दुल सम्मू खान, सहित अन्य अधिवक्तागण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे

### भाजपा जिला महिला मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी की घोषणा

# उच्च शिक्षित, समाज सेवी जनप्रतिनिधि महिलाओं को दिया गया स्थान : स्मिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा जिला महिला मोर्चा का गठन किया गया। जारी सूची में उच्च शिक्षित, जिला पंचायत सदस्य, दो - तीन बार के पार्षदों, सरपंचों, जनपद सदस्यों एवं सामाजिक सेवा में कार्य करने वाली महिलाओं को स्थान दिया गया है।

जिला महिला मोर्चा के अध्यक्ष स्मिता चंद्राकर ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव संगठन महामंत्री पवन साय के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा विभा अवस्थी की अनुमति तथा भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू की अनुशंसा से सांसद रूप कुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा विधायक संपत अग्रवाल के मार्गदर्शन में पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी की घोषणा की।

घोषित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष



पद शशि पटेल, अनिता टांडी, क्षमा गोयल, सीमा नायक, महामंत्री शुभ्रा शर्मा, तारेश्वरी नायक मंत्री पद विजयलक्ष्मी जांगड़े, प्रियंका सिन्हा,वर्षा साहू, सुषमा प्रधान, जीवन (जीनू) साहू, कोषाध्यक्ष प्रीति मक्कड़, सह कोषाध्यक्ष श्यामा चंद्राकर, जिला मीडिया प्रभारी प्रमिला साहू, सोशल मीडिया प्रभारी देवनतीन दीवान, आईटी सेल काजल साहू, जिला कार्य समिति सदस्य सुरेखा कर, सुनीता देवांगन, दुर्गा चंद्राकर, पिंकी चंद्राकर, मंजू धनाबिया, भूमिका साहू, मेनका निषाद, यशोदा नायक, भानुमति पटेल, मालावती पटेल, सुलोचना सागर, सरिका यादव, कुमारी आशीष दीवान, पूरन सिन्हा, लक्ष्मी दत्ता, ममता साहू, करिश्मा पटेल, सुनीता साहू, सीता सतपति, मंजू रघुनाथ, मंडल अध्यक्षों में शहर मंडल महासमुंद मधु यादव, ग्रामीण मंडल महासमुंद चुनेश्वरी साहू, सिरपुर मंडल निशा जोगी, तुमगांव मंडल गिरजा दास, झलप मंडल हेमलता ध्रुव, बागबाहरा शहर मंडल सविता दीवान, खल्लारी मंडल लक्ष्मी साहू, कोमाखान मंडल किरण यादव, बागबाहरा ग्रामीण प्रमिला निषाद, पिथौरा ग्रामीण मंडल बीना सोना, सांकरा मंडल चेतन साहू, पिरदा मंडल विमल बेहरा, गढ़फुलझर मंडल सावित्री कश्यप, पिथौरा शहर मंडल रामकुमारी सिन्हा, बसना दीपा साहू, भंवरपुर चंद्रिका साहू, सरायपाली मंडल कंचन अग्रवाल, बलौदा मंडल पदमनी भोई, केदुवा छबीला डडसेना, छुईपाली सुरुचि साहू की नियुक्ति की गई है।

### फिक्स डे मेंटल हेल्थ कैंप सराईपाली में आयोजित किया गया

**महासमुंद।** मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सराईपाली में मेंटल हेल्थ कैंप आयोजित किया गया, जिसमें 43 मरीजों में 8 साइकोसिस, 9 डिप्रेशन, 4 एंजाइटी, 5 बाईपोलर डिसऑर्डर, 2 आई डी डी, 6 ऐल्कोहॉल विथड्रॉल, 4 इंसोमिया, 5 अन्य मानसिक बीमारी से ग्रसित मिले सभी को निःशुल्क दवाई के साथ साईकोसोशल इंटरवेंशन किया गया।

# पूंजीगत व्यय ही विकास का आधार, बजट में मात्र 23% प्रावधानः द्वारिकाधीश

## केंद्र सरकार वर्ष 2047 के सपने दिखाकर आज के गंभीर आर्थिक संकटों से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खल्लारी विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने केंद्रीय बजट को आम जनता की अपेक्षाओं से भटका हुआ बताते हुए कहा कि यह बजट विकास की बजाय दिखावे पर केंद्रित है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार वर्ष 2047 के सपने दिखाकर आज के गंभीर आर्थिक संकटों से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है।

यादव ने कहा कि केंद्रीय बजट में कुल 53.47 लाख करोड़ रुपये के व्यय में से मात्र 12.22 लाख करोड़ रुपये (लगभग 23%) पूंजीगत व्यय के लिए तथा 41.25 लाख करोड़ रुपये (लगभग 77%) राजस्व व्यय के लिए रखे गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि पूंजीगत व्यय से परिसंपत्ति निर्माण, आधारभूत संरचना और दीर्घकालिक विकास—जैसे सड़क, रेलवे, स्कूल, सिंचाई परियोजनाएं—सुनिश्चित होती हैं, जबकि राजस्व व्यय का अधिकांश हिस्सा वेतन, पेंशन और ऋण ब्याज भुगतान में खर्च हो जाता है।

उन्होंने कहा कि किसी भी विकासोन्मुखी अर्थव्यवस्था में पूंजीगत व्यय का अनुपात अधिक होना चाहिए। इसके विपरीत, वर्तमान बजट में पूंजीगत व्यय को एक - चौथाई से भी कम रखना यह दर्शाता है कि केंद्र सरकार की प्राथमिकता दीर्घकालीन विकास नहीं, बल्कि तात्कालिक खर्च हैं।



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता यादव ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में इसी सोच के साथ भाखड़ा - नांगल, सरदार सरोवर, नागार्जुन सागर, इंदिरा गांधी नहर, दामोदर घाटी, कोसी, चंबल जैसी राष्ट्रीय स्तर की तथा छत्तीसगढ़ में महानदी परियोजना (गंगरेल), हसदेव बांगो, केलो, तांदुला, सोंढुर, रुद्री जैसी दीर्घकालिक सिंचाई परियोजनाएं स्थापित की गईं, जिनसे कृषि उत्पादन बढ़ा और किसान आर्थिक रूप से सशक्त हुए।

उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा शासित केंद्र व राज्यों में ऐसी दीर्घकालिक परियोजनाओं की कोई स्पष्ट रूपरेखा नजर नहीं आती। वर्तमान बजट (2026–27) में भी राजस्व व्यय को पूंजीगत व्यय से अधिक रखना सरकार की विकास - विरोधी सोच को उजागर करता है।यादव ने कहा कि बीते 11 वर्षों में न तो किसानों की आय दोगुनी हुई और न ही युवाओं को रोजगार देने के वादे पूरे हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक असमानता से जूझ रही जनता की वास्तविक समस्याओं पर सरकार मौन है।

### शिक्षा और स्वास्थ्य की जमीनी हकीकत

यादव ने कहा कि शिक्षा बजट में 8.27% की वृद्धि का दावा किया गया है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि आज भी स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी है और कॉलेजों में फैकल्टी के पद खाली पड़े हैं। 20 लाख पेशेवर तैयार करने की घोषणा तो की गई, लेकिन 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देने का पुराना वादा आज भी अधूरा है। स्वास्थ्य बजट 1, 04, 599 करोड़ रुपये का है, जिसमें ट्रॉमा सेंटर और आयुष से जुड़े तीन एम्स खोलने की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल है। मेडिकल कॉलेज तो खोले गए हैं, लेकिन फैकल्टी का अभाव है। छोटे - छोटे मामलों में भी आज गांवों से शहरों में मरीजों को रेफर किया जा रहा है।

# बजट विकसित भारत को नई ऊर्जा प्रदान करने वाला : स्वप्निल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी ने आम बजट का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट विकास विश्वास और करोड़ों भारतवासियो के उज्वल भविष्य को ध्यान में रखकर तैयार किया गया बजट है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच समाज के हर वर्ग के उत्थान में साबित होगा नीव का पत्थर। इस जनकल्याणकारी बजट के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन का आभार व्यक्त करते हुवे कहा की यह बजट युवा शक्ति से प्रेरित है



यह बजट विकसित भारत को नयी ऊर्जा प्रदान करने वाला है शिक्षा स्वास्थ्य व नवीन इन्फ्रास्टचर पर विशेष ध्यान दिया गया है।यह बजट देश के चहुमुखी विकास में कारगार साबित होने वाला है जिसमे मध्यम वर्ग किसानों युवाओं महिलाओं के लिये कई अहम फायदेमंद निर्णय लिये गये है यह निर्णय यह दर्शाते है की आत्मनिर्भर भारत विकसित भारत सिर्फ नारा नहीं है बल्कि मोदी जी का संकल्प है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक की चिंता करने वाला यह बजट हर नागरिक को सशक्त बनाने का पूरा खाका है।



### संत रविदास की जयंती मनाई गई

**महासमुंद।** सर्व हिंदू समाज द्वारा नयापारा स्थित स्थानीय संत रविदास मंदिर मे समाज जनों के साथ मिलकर रविदास जयंती मनाया गया। इस दौरान रविदास समाज के मिरी द्वारा संत रविदास के बताए समरसता के मार्ग में सनातन धर्म के उत्थान के लिए किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला गया। सर्व हिंदू समाज के गुरुबचन सिंह द्वारा गुरु ग्रन्थ साहिब मे संत रविदास के बारे मे अस्सी बार उद्धरण की जानकारी प्रेषित किया गया, साथ ही रविदास समाज में धरमंत्रण एवं घर वापसी के कार्यों मे सर्व हिंदू समाज की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु प्रतिबद्धता दिखाया गया।

### भारत देश के लिए लगातार नौवा बजट पेश कर इतिहास रचा - देवीचंद



**महासमुंद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत देश के लिए लगातार नौवा बजट पेश कर इतिहास रचने की बात नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कही। उन्होंने कहा कि यह आम बजट 2047 विकसित भारत निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा। केंद्र सरकार के इस बजट में खास बात रही की महिलाओं को मुख्य धारा में लाया जावे जिसके तहत कई कल्याणकारी घोषणाएं महिला सशक्तिकरण के लिए किया गया यह बजट देश के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक दूरदर्शी और मजबूत कदम है जो किसानों की समृद्धि युवाओं को कौशल विकास श्रमिकों के कल्याण तथा मध्यम वर्ग की आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है पर्यटन को विकसित और बढ़ा वा देने पर भी जोर दिया गया जिसके तहत पांच चिकित्सकीय पर्यटन केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव रखा गया 1 अप्रैल 2026 से नए आयकर कानून लागू करने के साथ आयकर में भी सरलीकरण का लाभ देश के प्रत्येक नागरिकों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष तौर पर प्राप्त होगा राठी ने ऐतिहासिक बुनियादी बजट के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती पर दलदली में पूजा-अर्चना व अरदास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती के पावन अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता संत रविदास मंदिर, दलदली पहुंचे, जहां विधिविधान से गुरु रविदास की पूजा-अर्चना एवं आरती की गई। कार्यक्रम के दौरान गुरु रविदास के प्रसिद्ध संदेश मन चंगा तो कठौती में गंगा विषय पर प्रकाश डाला गया और उनके सामाजिक समरसता, समानता एवं मानवता के विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया गया।



इस अवसर पर मंदिर में संत बाला राम, रविदास समाज के प्रदेश अध्यक्ष बुद्धेश्वर सोनवानी, खिलावन मेहरा, रामकृष्ण मिरी, राजू लाल मिर्धा, दशरथ अजगले, विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख अखिलेश लूनिया, मंदिर अर्चक पुरोहित प्रांत सहप्रमुख उत्तम वर्मा, जिला अध्यक्ष हर्षवर्धन चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष बिपिन बिहारी महंती, जिला मंदिर अर्चक पुरोहित प्रमुख सुरेंद्र महाराज, गौ सेवक सुमन सेंद्रे, नगर मंत्री अश्विनी शर्मा, ग्रामीण मंत्री कौशलेंद्र चंद्राकर, राहिल गुप्ता, चंदन नेताम सहित अन्य

# भले हाथ की हड्डी टूटी हो, लेकिन हौसले नहीं टूटेः अशवंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद


प्रदेश स्तरीय तेली, साहू, राठौर, चिंतन बैठक मध्य प्रदेश दतिया में संपन्न हुआ। जिसमें शामिल होने छत्तीसगढ़ से राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के संस्थापक अशवंत तुषार साहू पहुंचे। तय कार्यक्रम के अनुसार 29 तारीख को रायपुर रेलवे स्टेशन जानते समय एक्सीडेंट होने से हाथ की हड्डी टूट जाने के कारण असहनीय दर्द के साथ सफर करते हुए, मध्यप्रदेश के दतिया पहुंचे। तुषार ने अपने उद्बोधन में कहा भले मेरे हाथ की हड्डी टूटी है, लेकिन मेरा हौसला कभी नहीं टूट सकता। आगे कहा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज को



संगठित करना, आपसी सहयोग को बढ़ावा देना और समाज के समग्र विकास के लिए ठोस पहल करना, साहू समाज की असली ताकत उसकी एकजुटता में है। ऐसी बैठकों से समाज में जागरूकता आती है और संगठन मजबूत होता है। उन्होंने गांव-गांव तक समाज को जोड़ने की दिशा में प्रयास तेज करने पर जोर दिया। आज समाज को सबसे अधिक आवश्यकता एकता की है। जब समाज के सभी लोग एक मंच पर जुड़ेंगे तभी शिक्षा, रोजगार और सम्मान के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने की अपील की। आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे को और अधिक मजबूत बनना है। कार्यक्रम का समापन सकारात्मक संदेश और सामाजिक एकता के संकल्प के साथ हुआ

# किसानों को समृद्ध व सशक्त बनाने वाला बजटः देवेंद्र

**महासमुंद।** भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री देवेंद्र चंद्राकर ने बजट को सबका साथ सबका विकास और सर्व हितकारी बजट बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में मील का पत्थर साबित करने वाला बजट कहा है। देवेंद्र ने कहा कि बजट में खासकर तीन कर्तव्यों' यानी आर्थिक वृद्धि को गति देने, लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने और 'सबका साथ, सबका विकास' के इर्द - गिर्द बुना गया है। बजट में किसानों की आय बढ़ाने के व्यापक उद्देश्य से 500 जलाशयों और अमृत सरोवरों का विकास करने, तटीय क्षेत्रों में मत्स्य प्राइस चेन को मजबूती देने और स्टार्टअप और महिलाओं की अगुवाई वाले समूह को मत्स्य कृषक उत्पादक संगठनों के साथ शामिल करते हुए बाजार से जोड़ने का प्रस्ताव किया गया है। उच्च मूल्य वाली फसलों में सहायता प्रदान कर उच्च मूल्य वाली खेतीबाड़ी पर जोर दिया गया है। जलाशयों व अमृत सरोवरों के निर्माण से किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिलेगा। जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। देश का किसान समृद्ध होंगे। छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था में कृषि का बड़ा योगदान है।



ऐसे में किसानों के लिए बजट में लाए गए प्रावधान से राज्य के साथ देश भी समृद्धि का नया अध्याय लिखेगा। देवेंद्र ने आगे कहा कि बजट में अर्थव्यवस्था को मजबूती देने, रोजगार सृजन बढ़ाने और विकसित भारत के लक्ष्य को आगे बढ़ाने पर भी खास जोर दिया गया है। सरकार ने मध्यम वर्ग, किसानों, महिलाओं, युवाओं और उद्योग जगत को ध्यान में रखते हुए कई अहम घोषणाएं की हैं। यह बजट भारत की इकोनॉमी और रोजगार को गति देने वाला है और हर जन के सपनों को पंख लगाने वाला साबित होगा। उन्होंने कहा कि यह स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत को मजबूती देने वाला ऐतिहासिक बजट है।

# बजट में विकास व विज्ञान का संगम : महोबिया



**महासमुंद।** समाज सेवी व दुर्ग राज्य बाल कल्याण परिषद सदस्य धर्मेंद्र महोबिया ने बजट को भारत के विकास व विज्ञान के संगम में रचनात्मक शक्ति, दूरदर्शी दृष्टि, समन्वित दृष्टिकोण, नेतृत्व कौशल और सामाजिक सरोकारों का समावेश है। वर्ष 2026–27 के बजट में विशेष रूप से दवाइयों, नवीकरणीय ऊर्जा, स्वच्छता, न्यूक्लियर ऊर्जा, परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं के लिए आवंटित धन तथा महत्वपूर्ण योजनाओं के प्रावधानों में बढ़ोतरी की गई है। यही वजह है कि इन्फ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में भी विकास देखने को मिल रहा है। जल जीवन के संवर्धन एवं संरक्षण, गरीब उन्नयन, नारी सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर भारत बनने की दिशा में विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

# नवीन बस स्टैंड, नहर लिंक रोड के लिए नपाध्यक्ष ने सौंपा सीएम को ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर विकास तथा शहर वासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू लगातार प्रयास कर रहे हैं। वे लगातार शासन के मंत्रियों व उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराकर नगर विकास के लिए सहयोग की मांग रख रहे हैं।

इसी कड़ी में रविवार को ऐतिहासिक सिरपुर महोत्सव के शुभारंभ में सिरपुर पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को नगर पालिका परिषद महासमुंद के अध्यक्ष निखिलकांत साहू द्वारा एक मांग पत्र सौंपा गया। जिसमें नगर में केनाल लिंक रोड तथा नए बस स्टैंड हेतु राशि की मांग उन्होंने की। साहू ने मुख्यमंत्री को बताया कि शहर के पिटीयाझर से मौहारीभाठा तक लगभग 4 किलोमीटर नहर लिंक रोड बनना प्रस्तावित है। अनेक बार पालिका परिषद व पीआईसी की बैठक में बजट प्रस्ताव तैयार किया गया। लेकिन शासन की स्वीकृति के अभाव में यह कार्य लंबे समय से अटक रहा है। इस लिंक रोड के बनने से शहर वासियों को आवागमन में सुविधा होगी। यह शहर वासियों का बहुप्रतीक्षित मांग है। इसी प्रकार नवीन बस स्टैंड की मांग भी काफी लंबे समय से की जा रही है। वर्तमान बस स्टैंड शहर की आबादी के हिसाब से काफी छोटा पड़ रहा है। जनहित में उक्त दोनों कार्यों को तत्काल स्वीकृति प्रदान करने की मांग पालिका अध्यक्ष साहू ने सीएम से की। जिस पर मुख्यमंत्री साय ने पालिकाध्यक्ष को आश्वस्त करते हुए कहा कि दोनों कार्यों की स्वीकृति तत्काल दिलाई जाएगी। उन्होंने पालिकाध्यक्ष साहू को प्रस्ताव बनाकर तत्काल प्रेषित करने कहा। साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री से उनकी मुलाकात जनाकांक्षाओं के अनुरूप सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा।

### मार्च में जिला स्तरीय विशाल पेंशनर सम्मेलन कराने का निर्णय

# पेंशनर्स एसोसिएशन महासमुंद की मासिक बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पेंशनर्स एसोसिएशन महासमुंद की मासिक बैठक दिनांक 1 फरवरी 2026 को स्थानीय सभागार में अध्यक्ष रामकुमार साहू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष शिवकुमार साहू ने किया। बैठक का शुभारंभ माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर मां सरस्वती के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इस अवसर पर संगठन के सभी प्रमुख पदाधिकारी एवं वरिष्ठ पेंशनर सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गायत्री परिवार के वरिष्ठ सदस्य भगत साहू ने बसंत पंचमी, शहीद दिवस तथा अन्य प्रमुख ऐतिहासिक घटनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने सुविख्यात कवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' एवं आचार्य रामचंद्र शुक्ल की रचनाओं के माध्यम से राष्ट्रप्रेम के भावों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

इसी क्रम में नगर के प्रतिष्ठित साहित्यकार राजेश्वर खरे ने देशभक्ति से ओत-प्रोत छत्तीसगढ़ी कविता अब देखव भाई भारत देश हमारा प्रस्तुत कर सभा को भावविभोर कर दिया। इसके साथ ही उनकी व्यंग्य रचना पान वाला ने श्रोताओं को गुदगुदाते हुए कार्यक्रम की गरिमा में चार चांद लगा दिए। बैठक के दौरान संगठन के सदस्यों ने वरिष्ठ पेंशनर मधु शर्मा की



माताजी ललिता तिवारी, गायत्री परिवार के हीरा साहू के आकस्मिक निधन तथा देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा।

इस अवसर पर संगठन के नव सदस्य घनश्याम भारद्वाज (सेवानिवृत्त पुलिस उपनिरीक्षक) का गुलाल लगाकर एवं श्रीफल भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। उन्होंने सदस्यों के समक्ष अपना संक्षिप्त परिचय भी दिया। बैठक में मार्च माह में प्रस्तावित जिला स्तरीय वार्षिक सम्मेलन को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इस पर आर.के. श्रीवास्तव, एलएन शर्मा, डीएन बिसेन, चंद्रबदन मिश्रा, राधेश्याम दुबे, यूएस रामगढ़िया, भूषण भोसले एवं अध्यक्ष रामकुमार साहू सहित अन्य सदस्यों ने अपने सुझाव रखे। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि महासमुंद में एक भव्य जिला स्तरीय पेंशनर सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

बैठक में पेंशनरों ने अपनी विभिन्न समस्याएं भी रखीं, जिनके शीघ्र समाधान का आश्वासन संगठन नेतृत्व द्वारा दिया गया। कार्यक्रम के अंत में सचिव शिवकुमार साहू ने आभार प्रदर्शन करते हुए बैठक की समाप्ति की घोषणा की। बैठक में प्रमुख रूप से आर.के. श्रीवास्तव, नेहरू साहू, एल.एन. शर्मा, राजेश्वर खरे, टीपी वर्मा, जीएस ठाकुर, राजेंद्र सिंह परिहार, भुनेश्वर विश्वकर्मा, कृष्णकुमार पांडेय, भगत साहू, आर. साहू, ज्ञानसिंह चंदेल, शिवनंदन भोसले, कोमन चंद्राकर, गणेशीबाई, जगेशरीबाई, मंगतीनबाई, शब्बीर अली, तिलचंद यादव, रेवाराम साहू, चोवाराम, रामटहल निषाद, रतनलाल, उदेराम साहू, रविकांत चंद्राकर, माधोराम साहू, छन्नूलाल सहित बड़ी संख्या में पेंशनर सदस्य उपस्थित रहे।




## खबर संक्षेप

### केंद्रीय बजट प्रतिगामी, आम जनता को निराशा



**पिथौरा (ग्रामीण)।** विधानसभा बसना के पूर्व विधायक एवं छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र बहादुर सिंह ने केंद्रीय बजट को लेकर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रतिगामी प्रभाव वाला है, जिसमें न कृषि के लिए ठोस प्रावधान हैं, न उद्योग, न रोजगार और न ही मजदूरों व गरीब तबके के लिए कोई वास्तविक राहत। सिंह ने कहा कि मोदी सरकार महंगाई को नियंत्रित करने में पूरी तरह विफल रही है। बजट में महंगाई से निपटने के लिए कोई ठोस योजना, समाधान या सकारात्मक पहल सामने नहीं आई है। उन्होंने कहा कि आर्थिक सर्वेक्षण खुद यह स्वीकार करता है कि व्यापार में अनिश्चितता भारत के लिए बड़ी चुनौती है, लेकिन बजट में इस गंभीर समस्या को लगभग नजरअंदाज कर दिया गया

# गढ़फुलझर वितरण केंद्र द्वारा छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बसना

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड गढ़फुलझर वितरण केंद्र द्वारा राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का भव्य आयोजन जितेंद्र त्रिपाठी जिला महामंत्री भाजपा जिला महासमुंद, प्रकाश सिंहा जनपद सभापति, नरहरी पोर्ते मंडल अध्यक्ष गढ़फुलझर, हरप्रीत कौर सरपंच ग्राम पंचायत गढ़फुलझर, माधव साव किसान मोर्चा जिला महामंत्री, नवीन साव जिला मीडिया प्रभारी भाजपा, प्रहलाद साहू मंडल महामंत्री, रंजन साहू मंडल महामंत्री, नरेंद्र साहू मंडल उपाध्यक्ष, हरजिंदर सिंह हरजू सरपंच प्रतिनिधि, खोलबहरा निराला विधायक प्रतिनिधि बसना, सुंदरमणि मिश्रा, सहदेव पटेल भाजपा युवा नेता, महिपाल सिंह जटाल गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। महोत्सव के दौरान बीपीएल कनेक्शन के मानक अनुरूप खपत वाले उपभोक्ताओं, 2 साल से नियमित भुगतान करने वाले घरेलू, गैर घरेलू और कृषक उपभोक्ताओं तथा पीएम सूर्य घर योजना के प्रथम पांच लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गय। कार्यक्रम



को संबोधित करते हुए जितेंद्र त्रिपाठी द्वारा विद्युत के क्षेत्र में किया जा रहे नित नये प्रगति की प्रशंसा करते हुए वर्तमान में शासन द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत सोलर प्लांट स्थापना हेतु दी जा रही सब्सिडी का लाभ अधिकाधिक संख्या में लेने हेतु आम जनता से एवं उपस्थित उपभोक्ताओं से आह्वान किया शासन एवं विद्युत विभाग द्वारा दी जा रही सुगमता की जमकर प्रशंसा की। प्रकाश सिंहा जनपद सभापति द्वारा विद्युत विभाग द्वारा हर मौसम चाहे वह गर्मी हो या बरसात 24 घंटों सेवा भाव एवं निरंतरता के लिए पूरे विभाग को धन्यवाद ज्ञापित किया। विद्युत विभाग को 24 घंटे सेवा देना वाला एकमात्र विभाग की दर्जा दी। अवसर पर बसना उपसंभाग के सहायक अभियंता एन के आदित्य ने गढ़फुलझर क्षेत्र में विद्युत विकास के संबंध में बताते हुए कहा कि बीते 25 वर्षों में कंपनी ने शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक विद्युत आपूर्ति का व्यापक विस्तार किया है तथा उपभोक्ता सुविधा को और बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहे हैं, कृषक जीवन ज्योति योजना, एकल बत्ती योजना, पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना एवं विभाग द्वारा उपभोक्ता समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु लॉन्च किए गए मोर बिजली मोबाइल ऐप के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

महोत्सव के दौरान कंपनी के विकास यात्रा पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत पहुंच, स्मार्ट मीटर संबंधी नई तकनीक की जानकारी दी गई साथ ही पीएम सूर्य घर योजना से संबंधित जानकारी भी दी गई समस्त कार्यक्रम में मंच संचालन देवेश सिंह राजपूत कनिष्ठ अभियंता गढ़फुलझर एवं लाइन स्टाफ कुशलाल पटेल द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन एन के आदित्य उपसंभाग बसना द्वारा किया गया।

# यह विकसित भारत और सुनहरे भारत की दिशा में ऐतिहासिक बजट : योगेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

■ विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने दी बजट पर प्रतिक्रिया

रविवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश किया। बजट को लेकर महासमुंद के युवा विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि यह विकसित भारत और सुनहरे भारत की दिशा में ऐतिहासिक बजट है। देश के हर वर्ग को ध्यान में रखकर बजट बनाया गया है।

विधायक कार्यालय से जारी प्रेस नोट में विधायक सिन्हा ने कहा है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भविष्य की सुनहरी तस्वीर पेश की है। कई नए क्षेत्रों में रोजगार के दरवाजे खोले गए हैं। भारत का एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स (एवीजीसी) क्षेत्र एक बढ़ता हुआ उद्योग है, जिसमें 2030 तक 20 लाख पेशेवर तैयार करने का रोडमैप है। इसी प्रकार कैंसर की 17 दवाओं पर से आयात शुल्क हटाया गया। हीमोफीलिया, सिकल सेल और मस्कुलर डिस्ट्रॉफी जैसी 7 दुर्लभ बीमारियों की दवाइयां भी ड्यूटी फ्री की गई। रक्षा बजट 6.81 लाख करोड़ रुपए से बढ़ाकर 7.85 लाख करोड़ रुपए, यानी 15.2% की बढ़ोतरी की गई है। हथियार खरीदी और आधुनिकीकरण पर पिछले साल के 1.80 लाख करोड़ रुपए के मुकाबले इस साल 2.19 लाख करोड़ रुपए खर्च होंगे, यानी 22% की बढ़ोतरी हुई है। 7 हाईस्पीड रेल कॉरिडोर इनमें मुंबई -पुणे, पुणे-हैदराबाद, हैदराबाद-बेंगलुरु, हैदराबाद-चेन्नई, चेन्नई-बेंगलुरु, दिल्ली-वाराणसी और वाराणसी-सिलीगुड़ी बनाए जाएंगे।

## बजट की बड़ी घोषणाएं

बजट में 3 आयुर्वेदिक एम्स खोले जाने की घोषणा की गई है, जिससे स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होगा। मेडिकल टूरिज्म को बढ़ाने के लिए 5 मेडिकल हब भी बनेंगे। वहीं 5 लाख से ज्यादा आबादी वाले टियर-2 और टियर-3 शहरों के विकास के लिए 12.2 लाख करोड़ खर्च किए जाएंगे। 15 हजार सेकेंडरी स्कूलों और 500 कॉलेजों में कंटेंट क्रिएटर लैब्स बनाई जाएंगी। देश के सभी 789 जिलों में लड़कियों के लिए हॉस्टल बनेंगे। हर जिले में एक हॉस्टल बनाया जाएगा। लखपति दीदी की तर्ज पर महिला स्वयं सहायता समूह की उद्यमी महिलाओं के लिए शी-मार्ट बनाए जाएंगे। इन दुकानों को महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों के समुदाय ही चलाएंगे। यहां महिलाओं के बनाए खाद्य पदार्थ, हस्तशिल्प, कपड़े और स्थानीय उत्पाद सीधे बेचे जाएंगे। केरल, तमिलनाडु और ओडिशा में दुर्लभ खनिजों के लिए विशेष कॉरिडोर बनाए जाएंगे। इसमें आंध्र प्रदेश को भी जोड़ा जाएगा ताकि खनिज संपन्न राज्यों को फायदा मिले। नारियल प्रोत्साहन योजना से करीब 3 करोड़ लोगों को जोड़ा जाएगा। मछली पालन को बढ़ावा देने के लिए 500 तालाबों और अमृत सरोवरों का विकास किया जाएगा।



**बजट से छत्तीसगढ़ में मिलेगी विकास को गति-** विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि केंद्र के बजट में हमारे राज्य को बहुत कुछ मिला है। छत्तीसगढ़ के खनन, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, बुनियादी ढांचा और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्रों में प्रत्यक्ष लाभ देने वाली कई महत्वपूर्ण योजनाओं की घोषणा की गई है। इनमें खेती-किसानी, स्वास्थ्य, आवास तक के प्रावधान शामिल हैं। इसमें माइनिंग कॉरिडोर, सभी जिलों में छात्राओं के लिए गर्ल्स हॉस्टल, छत्तीसगढ़ सहित 8 राज्यों में जनजातीय स्वास्थ्य वेधशालाओं की स्थापना, बस्तर, सरगुजा जैसे क्षेत्रों में पीवीटीजी बस्तियों को जोड़ने के लिए अतिरिक्त सड़क निर्माण राशि आवंटित, प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में 8 लाख से अधिक प्रधानमंत्री आवासों के निर्माण के लिए केंद्रीय सहायता का हिस्सा बढ़ाया गया, रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर सहित 32 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य अगले वित्तीय वर्ष में और तेज होगा, किसानों के लिए 'भारत-विस्तार' बहुभाषी एआई टूल लॉन्च सहित अनेक प्रावधान राज्य के विकास की गति को बढ़ा देगी।



# पूर्व विधायक ने धान खरीदी मुद्दे पर की मुख्यमंत्री से चर्चा

## मुख्यमंत्री ने कहा-राज्य शासन किसानों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध

**महासमुंद।** सिरपुर महोत्सव के अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं जिले के प्रभारी मंत्री से मुलाकात कर धान खरीदी में हो रही गंभीर देरी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। डॉ. चोपड़ा ने मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बताया कि विधानसभा क्षेत्र के लगभग 600-700 किसान ऐसे हैं, जिनका सत्यापन (वेरिफिकेशन) पूर्ण हो चुका है, बावजूद अब तक उनकी उपज की खरीदी नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि धान खरीदी लंबित रहने से किसान भारी आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं और उनमें गहरी निराशा एवं आक्रोश व्याप्त है। डॉ. चोपड़ा ने कहा कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो किसानों की मेहनत पर पानी फिर सकता है। यह केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि अन्नदाता के साथ अन्याय है। मुख्यमंत्री साय ने विषय को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना। किसानों की संख्या और जमीनी स्थिति की जानकारी लेने के बाद मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि वे रायपुर पहुंचते ही इस विषय पर त्वरित निर्णय लेंगे।

# सिरपुर महोत्सव में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 200 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की दी सौगात

**महासमुंद।** ऐतिहासिक और सांस्कृतिक नगरी सिरपुर में आयोजित सिरपुर महोत्सव के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने जिले को विकास की बड़ी सौगात दी। उन्होंने जिले में कुल 199 करोड़ 28 लाख 59 हजार रुपए की लागत के 99 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इनमें 40 करोड़ 88 लाख 2 हजार रुपए की लागत के 64 विकास कार्यों का लोकार्पण तथा 158 करोड़ 40 लाख 57 हजार रुपए की लागत के 35 विकास कार्यों का भूमिपूजन शामिल है।

कार्यक्रम अंतर्गत लोकार्पण किए गए कार्यों में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग अंतर्गत 24.70 - 24.70 लाख रुपए के मान से कुल 98 लाख 80 हजार रुपए की लागत से ग्राम सकरी, मोहका, खेमड़ा एवं नवागांव में महतारी सदन का निर्माण किया गया है। इसी तरह पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत 6 करोड़ 64 लाख 20 हजार रुपए की लागत से 19 विकास कार्यों में ग्राम पंचायत बावनकेरा, छपोराडी, लहंगर एवं परसाडीह में सामुदायिक भवन का निर्माण, 97 सीसी रोड निर्माण, पासिद एवं बिरकोनी में अहाता निर्माण, ग्राम ढांक, सलडीह में सांस्कृतिक भवन निर्माण, ग्राम तेंदूकोना, कसीबाहरा, छोटे लोरम, कुसमीसरार, बागद्वारी, मानपाली, डीपापारा में सामुदायिक भवन निर्माण, 6 शेड निर्माण, 3 हाई मास्क लाईट स्थापना, मेनरोड से बाम्हरसरा चिंगरिया में पुलिया निर्माण, गड़बेड़ा में कारीगरों हेतु शेड निर्माण, ग्राम धनापाली, सागरपाली में सामुदायिक शेड निर्माण, ग्राम भंवरपुर, बड़ेसाजापाली, गढ़फुलझर, तोषगांव, भोथलडीह एवं मल्दामाल में अटल डिजीटल सुविधा केंद्र/सीएससी भवन निर्माण, ग्राम सलखंड एवं उमरिया में आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य शामिल है। आदिवासी विकास विभाग के तहत 1 करोड़ 52 लाख 97 हजार रुपए की लागत से ग्राम बड़ेसाजापाली में प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास का निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 17 करोड़ 95 लाख 86 हजार रुपए की लागत से 26 विकास कार्यां में ग्राम खम्हारमुड़ा, खरोरा, बोडराबांधा, खुसरूपाली, जीवनगढ़, सोहागपुर, फुलझर, खुसरूपाली, भतकुंदा, डुमरपाली, सानटेमरी, जगदीशपुर, खुरापाली, कापुडीह, ललितपुर, केंदुमुड़ी, बांदुपाली, बलेंडा, कालीदरहा, गेर्रा, पोटापारा, बेलडीह, कोकड़ी एंव सोनपुरी में एकल ग्राम योजना तथा ग्राम कुरचुण्डी व चिमरकेल में रेट्रोफीटिंग योजना अंतर्गत निर्माण शामिल है। इसी प्रकार विद्युत विभाग के 13 करोड़ 76 लाख 19 हजार रुपए की लागत से 14 विकास कार्यों में कंचनपुर, पथरी, कुदारीबाहरा में नवीन 33/11 केव्ही, उपकेंद्र का निर्माण, ग्राम चिमरकेल, मामाभांचा, कोल्दा, घंटेश्वरी व बिरकोनी में पावर ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि 3.15 से 5, ग्राम तेन्दुकोना, पठियापाली, आंवलाचक्का, सुखापाली, कस्तुरबोर्ड में अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर 3.15 एमवीए शामिल है।



इसी प्रकार भूमिपूजन अंतर्गत लोक निर्माण विभाग के तहत 141 करोड़ 19 लाख 19 हजार रुपए की लागत के 22 विकास कार्यां में गड़बेड़ा लिंक रोड मार्ग चौड़ीकरण, मजबूतीकरण पुल पुलिया साहित निर्माण कार्य लंबाई 2.50 किलोमीटर, विकासखंड बसना के ठाकुरपाली से अखराभांटा टुकड़ा मार्ग लंबाई 2.50 किलोमीटर का निर्माण पुल पुलिया सहित, खुर्सीपहार सिरको जमड़ी मार्ग लंबाई 4 किलोमीटर का निर्माण कार्य, भीखापाली रामपुर थरगांव मार्ग लंबाई 4 किलोमीटर का निर्माण कार्य, बड़ेसाजापाली से खेखल्लीडीपा हेडसपाली लंबाई 4 किलोमीटर पुल पुलिया सहित, भलेसर कनेकेरा महादेव घाट मार्ग लंबाई 1.40 किलोमीटर का उन्नयन कार्य, चिंगरौद से हथखोज मार्ग लंबाई 2 किलोमीटर उन्नयन कार्य, छुईपाली से पालीडीह मार्ग कुल 18.29 किलोमीटर का मजबूतीकरण कार्य, सांकरा परसवानी मार्ग लंबाई 15.80 किलोमीटर का निर्माण कार्य, विकासखंड पिथौरा के सावित्रीपुर से बिजेमाल तक मार्ग लंबाई 3.60 किलोमीटर का निर्माण कार्य पुल पुलिया सहित, विकासखंड बसना के परसकोल मुढ़ापार मार्ग लंबाई 2.30 किलोमीटर का निर्माण कार्य, खैरजुड़ी से धुमाभांठा मार्ग लंबाई 2.60 किलोमीटर निर्माण कार्य, किसड़ी से देवलभांठा मार्ग लंबाई 4.20 किलोमीटर पुल पुलिया सहित, तिलाईदादर से दलदली लंबाई 1.90 किलोमीटर पुल पुलिया सहित, रणेश्वर रामचंडी मंदिर गढ़फुलझर तक पहुंच मार्ग लंबाई 1.85 किलोमीटर निर्माण कार्य, ग्राम अमेरा से बोईरगांव मार्ग लंबाई 3.30 किलोमीटर निर्माण कार्य, लाखागढ़ पिथौरा एवं सुनसुनिया बागबाहरा में कस्तूरबा गांधी बालिका, विकासखंड बागबाहरा अंतर्गत डोंगरपाली, लमकेनी एवं नर्रा में बालक छात्रावास भवन व पिरदा में महाविद्यालय हेतु नया भवन निर्माण कार्य शामिल है।

इसी तरह जल संसाधन विभाग के तहत 10 करोड़ 32 लाख 72 हजार रुपए की लागत से 3 विकास कार्यों में विकासखंड पिथौरा की ताला एनीकट, विकासखंड बसना की बैगनडीह एनीकट एवं विकासखंड सरायपाली की कटंगी नाला पर ग्राम अमलडीह में एनीकट निर्माण शामिल है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के तहत 2 करोड़ 18 लाख 93 हजार रुपए की लागत से 8 विकास कार्यों में महासमुंद अंतर्गत ग्राम पंचायत झालखम्हरिया, खरोरा, खल्लारी अंतर्गत लमकेनी, ठकुरीपाली, सेनभांठा, लमकेनी, मोहंदी, बिहाझर व रैताल में सीसी रोड निर्माण कार्य, ग्राम परसदा (ब) में अहाता निर्माण कार्य, खल्लारी अंतर्गत ग्राम तेंदूकोना, सराईपाली, दाबपाली, बसना अंतर्गत ग्राम भंवरपुर, कुदारीबाहरा व सरकण्डा में सामुदायिक भवन निर्माण, ग्राम परसुली खल्लारी में टिन शेड निर्माण, खल्लरी में चबूतरा शेड निर्माण, सिंघनपुर बसना में प्राथमिक शाला आहाता निर्माण तथा परिवहन विभाग के तहत 4 करोड़ 69 लाख 73 हजार रुपए की लागत से 2 विकास कार्यों में महासमुंद अंतर्गत जिला परिवहन कार्यालय एवं ड्रायविंग टेस्ट ट्रैक निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया।

इस अवसर पर खाद्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी दयाल दास बघेल, विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा, विधायक बसना संपत अग्रवाल, साजा विधायक ईश्वर साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष महासमुंद निखिलकांत साहू, बसना नगर पंचायत अध्यक्ष खुशबू अग्रवाल, राज्य मुख्य आयुक्त, भारत स्काउट एवं गाइड संघ इंद्रजीत सिंह खालसा गोल्डी, भारत स्काउट एवं गाइड संघ के अध्यक्ष येतराम साहू एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारूतः।।

आज दशगात्र



स्व.सुरेंद्र सिंह मांझी जी

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पति **श्री सुरेन्द्र सिंह मांझी (ठाकुर)** सर्कल अध्यक्ष गोंड़ समाज सर्कल कारागुला, पूर्व सरपंच एवं पूर्व जनपद सदस्य का दिनांक 25.01.2026 दिन रविवार को निधन हो गया है। विधि के विधान के आगे हम सब नतमस्तक हैं। अतः आपसे निवेदन है कि इनके मृत्यु संस्कार कार्यक्रम में दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान हेतु श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए सहपारिवार सम्मिलित होकर हमे अनुग्रहित करें।

कार्यक्रम

**दशगात्र**

**दिनांक 03.02.2026 दिन-मंगलवार**
**गंगा पूजा शाम 4 बजे, चंदन पान शाम 7 बजे**
स्थान : निज निवास, ग्राम अमनपुरी (नर्रा)
थाना/तह.-कोमाखान, जिला महासमुंद (छ.ग.)
नोटः- तालाब कार्यक्रम दिन 12 बजे संपन्न होगी

-शोकाकुल परिवार-
डिगम्बर सिंह, हेमसिंह, थानसिंह, बुढ़ान सिंह, निजाम सिंह, राधेश्याम, शिवकुमार, गोपाल, पुनीतराम, कृतराम, बाहलसिंह, गंगासागर, पंचराम, तुलाराम, कुशराम एवं समस्त सोरी परिवार

-विनीत-
**तुलसी बाई मांझी (ठाकुर) (पत्नि)**
दौलत-बंसता ठाकुर (पुत्र-पुत्रवधु), महेन्द्र-चंदरबाई ठाकुर (पुत्र-पुत्रवधु), जितेन्द्र-निर्मला ठाकुर (पुत्र-पुत्रवधु), कोमल-ईश्वरी ठाकुर (पुत्र-पुत्रवधु), विशेषर सिंह-पार्वती ठाकुर (भतिजा-बहू)
**संपर्क : 9754504062, 9754676111, 9165527694**

नोट : जिन परिवारजन, मित्रगण व शुभ चिंतक को शोकपत्र न मिला हो, कृपया इसे ही स्वीकार करें...

## खबर संक्षेप



### निर्भय बने पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री

**झलप।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष अशोक साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष एतराम साहू की अनुशंसा पर जिलाध्यक्ष पवन पटेल द्वारा निर्भय नायक को जिला महामंत्री और संजय पटेल को झलप मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इनकी नियुक्ति पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, शंकर अग्रवाल पूर्व जिलाध्यक्ष, इंद्रजीत सिंह गोल्डी स्काउट गाइट प्रदेशअध्यक्ष, देवा नायक पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, ललिता अग्रवाल पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष शम्मी सलूजा विधायक प्रतिनिधि, कमल कौशिक मंडल महामंत्री पिलेश्वर पटेल जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा, चंद्रहास चंद्राकर बीज निगम अध्यक्ष, हितेश चंद्राकर, राकेश साहू मंडल महामंत्री, हनी गंभीर जिला सह मीडिया प्रभारी भाजपा डोमन यादव मंडल उपाध्यक्ष ने हर्ष जताया है।

### साहित्य उत्सव में रामशरण का सम्मान

**महासमुंद।** त्रिदिवसीय साहित्य



उत्सव में उत्कृष्ट कविता पाठ करने पर महासमुंद जिले से साहित्यकार व कवि रामशरण चंद्राकर बेमचा का प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो भेंटर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सम्मान किया गया। साथ ही छत्तीसगढ़ भाषा आयोग बिलासपुर में साहित्य सम्मान से नवाजा गया। बता दें कि चंद्राकर बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं। वे नाटक, लीला में विविध पात्रों का अभिनय कर चुके हैं। साथ ही सामाजिक क्षेत्र में भी काफी सक्रिय रहते हैं। पूर्व में भी विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित हो चुके हैं।

### बिना टेंडर मरम्मत कार्य कराना अनुचित : राठी

**महासमुंद।** नपा उपाध्यक्ष देवीचंद



राठी ने मुख्य नपा अधिकारी से चर्चा के साथ पत्र लिखकर कहा कि महिला बाल विकास विभाग द्वारा 27 आंगनबाड़ी केंद्रों की मरम्मत के लिए लगभग 22 लाख रुपए पालिका को सात माह पूर्व दिया जा चुका है बावजूद लेटलतीफी से बिना कोई टेंडर मरम्मत प्रारंभ कराया गया है जो अनुचित है। उन्होंने कहा कि ई-टेंडर द्वारा निविदा आमंत्रित कर निर्माण कराया जाना था। लेकिन, बिना निविदा आंगनबाड़ी भवन में मरम्मत कार्य कराए जा रहे हैं। राठी ने कहा कि मरम्मत का वार्षिक टेंडर और आंगनबाड़ी मरम्मत कार्य अलग-अलग है, एक में जोड़ा जाना न्याय संगत नहीं है, पालिका व शासन को इससे नुकसान होगा।

### चंदूलाल चंद्राकर को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**खरोरा।** ग्राम खरोरा में छत्तीसगढ़



के दिग्गज राजनेता, वरिष्ठ पत्रकार एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय चंदूलाल चंद्राकर की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान परिवारजनों एवं शुभचिंतकों ने उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर कौशल्या चंद्राकर, लता चंद्राकर, भारती चंद्राकर, शाशी चंद्राकर, संगीता चंद्राकर, रूपेश चंद्राकर एवं भूषण चंद्राकर ने उनके जीवन और कृतित्व को स्मरण करते हुए कहा कि स्व. चंद्राकर ने अपनी निर्भीक पत्रकारिता और निष्पक्ष राजनीति के माध्यम से छत्तीसगढ़ और देश की सेवा की, जो आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। उल्लेखनीय है कि स्व. चंदूलाल चंद्राकर ने अपनी लेखनी के माध्यम से ज्वलंत मुद्दों को उठाते हुए मूल्य आधारित पत्रकारिता की मिसाल पेश की। सउन्होंने केंद्रीय मंत्री के रूप में भी राष्ट्र सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ हुआ संपन्न, 4 लोगों ने किया नेत्रदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

बसना के सुप्रसिद्ध गायत्री शक्तिपीठ में आयोजित तीन दिवसीय कन्या कौशल एवं नारी सशक्तिकरण शिविर तथा नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भव्य समापन हुआ। इस आयोजन में न केवल आध्यात्मिक चेतना का प्रसार हुआ, बल्कि सामाजिक सरोकार की मिसाल भी पेश की गई, जहां चार श्रद्धालुओं ने मरणोपरांत नेत्रदान के लिए संकल्प पत्र भरकर मानवता की सेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत भव्य मंगल कलश यात्रा से हुई, जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर पिरदा के घोष दल का विशेष सहयोग रहा। कलश यात्रा के पश्चात नौ कुंडीय महायज्ञ का शुभारंभ हुआ, जिसमें क्षेत्र के लगभग 2000 से अधिक श्रद्धालुओं ने आहुतियां डाली। महायज्ञ के दौरान आयोजित बौद्धिक सत्रों में सीताराम विश्वकर्मा ने 'मनुष्य जीवन की समस्या और समाधान' पर व्यावहारिक दिशा-निर्देश दिए। इसके उपरांत देवराज मिश्र ने 'मनुज देवता बनें, बने यह धरती स्वर्ग समान' विषय पर प्रेरणादायक व्याख्यान देते हुए मानवीय मूल्यों को पुनर्स्थापित करने पर बल दिया।



#### माता की जन्म शताब्दी और संस्कार सत्र

रात्रि में माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी पर भावपूर्ण वीडियो प्रदर्शन किया गया। अंतिम दिन शांति कुंज हरिद्वार की प्रशिक्षित टोली द्वारा नौ कुंडीय यज्ञ के साथ पुंसवन, दीक्षा, मुंडन, नामकरण और जन्मदिवस उत्सव जैसे विभिन्न संस्कार निःशुल्क संपन्न कराए गए। कार्यक्रम के समापन पर प्रत्येक श्रद्धालु को ऋषि साहित्य भेंट किया गया। गायत्री शक्तिपीठ बसना द्वारा इस आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी नगरवासियों का आभार व्यक्त किया

#### सामाजिक चेतना, नेत्रदान का महासंकल्प

आयोजन की सबसे विशेष उपलब्धि सामाजिक चेतना के प्रति श्रद्धालुओं का उत्साह रहा। पूज्य गुरुदेव के 'नर सेवा ही नारायण सेवा' के संदेश से प्रेरित होकर चार व्यक्तियों ने नेत्रदान हेतु फॉर्म भरा। उनके इस निर्णय की गायत्री परिवार और नगरवासियों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की।

## विज्ञान मॉडल: हाईटेक मवेशी रोड सेफ्टी डिवाइस बना आकर्षण का केंद्र

# आवारा पशुओं की सुरक्षा के लिए बाल वैज्ञानिकों का अभिनव प्रयास









हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

राष्ट्रीय राजमार्गों पर आवारा पशुओं के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से बाल वैज्ञानिक खुशबू साहू एवं उनके सहयोगियों ने अपने मार्गदर्शक शिक्षक एवं युवा वैज्ञानिक गौरव चंद्राकर के निर्देशन में हाईटेक मवेशी रोड सेफ्टी डिवाइस तैयार किया है, जो सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के साथ-साथ पशुधन की सुरक्षा भी सुनिश्चित करेगा। युवा वैज्ञानिक गौरव चंद्राकर ने बताया कि यह डिवाइस मवेशियों के गले में बंधी रेडियम पट्टी में लगे ट्रांसमीटर सेंसर पर आधारित है, जो हाईवे के पास लगे सेंसर एवं कंट्रोल रूम से जुड़ा रहता है। जैसे ही कोई आवारा पशु राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रवेश करता है, कंट्रोल रूम में बीप अलर्ट सक्रिय हो जाता है। साथ ही सड़क पर चल रहे वाहन चालकों के मोबाइल पर संदेश पहुंचता है कि आगे मवेशी मौजूद हैं, सावधानीपूर्वक वाहन चलाएं। इससे चालक समय रहते गति नियंत्रित कर दुर्घटना से बच सकते हैं। इसके अतिरिक्त कंट्रोल रूम में बैठे कर्मचारी पशु की लोकेशन भी देख सकते हैं और आवश्यकता पड़ने पर टीम भेजकर पशु को सड़क से हटाया जा सकता है।

#### पशुधन की होगी सुरक्षा

इस डिवाइस की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि जैसे ही मवेशी हाईवे पर लगे सेंसर के करीब आता है, उसके गले में लगे उपकरण से हल्का वाइब्रेशन और झटका महसूस होता है, जिससे वह स्वतः सड़क से दूर चला जाता है। इससे न केवल सड़क हादसे रुकेंगे, बल्कि दुर्घटनाओं में होने वाली पशुधन की अकाल मृत्यु पर भी रोक लगेगी। इस परियोजना का मुख्य लक्ष्य राष्ट्रीय राजमार्गों पर आवारा पशुओं की आवाजाही से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकना है। यदि इस तकनीक को व्यवहारिक रूप से लागू किया जाता है, तो देशभर में सड़क हादसों में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है और पशुधन की रक्षा भी संभव होगी। इस परियोजना में बाल वैज्ञानिक खुशबू साहू (संस्कार शिक्षण संस्थान पिथौरा), सृष्टि यदु (पीएमश्री विद्यालय पिथौरा), डिंपल डड़सेना (राम दर्शन पब्लिक विद्यालय जंधोरा), पीयूष साहू (सेंट फ्रांसिस विद्यालय पिथौरा) ने सहभागिता निभाई। प्रभारी शिक्षिका सीमा चंद्राकर के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग के पंडाल में इस मॉडल का प्रदर्शन किया गया।

# बैडमिंटन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

- डॉ. गजानंद व अभय की जोड़ी ने समीर व शांति को हराकर जीता खिताब

फुलझर अंचल में बलौदा बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा एक दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसमें बलौदा, सरायपाली, सांकरा, सागरपाली, छुईपाली, मुड़पहार, रोहिना, अर्जुंदा, खपरीडीह, बड़े पंधी के विविध 50 टीमें भाग ली।

मॉर्निंग मेवरिक सरायपाली के द्वय डॉ गजानंद व अभय की जोड़ी ने फाइनल में समीर व शांति तिर्की को हराकर टूर्नामेंट को अपने नाम किया जबकि निक्कू मनीष बलौदा तथा गोलू व प्रशांत मॉर्निंग मेवरिक सरायपाली क्रमशः तृतीय और चतुर्थ स्थान पर रहे। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब डॉ गजानंद को दिया गया।

प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि पदमिनी प्रदीप भोई जनपद सदस्य अध्यक्षता सरस्वती सरोज सेठ सरपंच तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में नीलांबर टांडी, नरेश तिवारी, तरुण गड़टिया, महेश पटेल, नीलांचल भोई, शक्तिलाल थनापति, आकाश भोई, लक्ष्मीबाई पटेल और गजानन सेठ रहे।

# बागबाहरा में गूंजेगा "कबड्डी..कबड्डी..कबड्डी"

## 6 से 8 फरवरी तक राज्य स्तरीय महिला-पुरुष कबड्डी महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



नगर बागबाहरा में अखिल भारतीय महिला एवं पुरुष वर्ग की राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता 6 से 8 फरवरी तक जय चंडी खेल कला क्लब के तत्वावधान में जैन मंदिर प्रांगण, स्टेशन चौक के समीप आयोजित होगी।

आयोजन समिति के सदस्य उदय चंदेल एवं दीपक यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में राज्य, जिला सहित अन्य प्रदेशों से 35 से 40 से अधिक टीमें हिस्सा लेंगी। इसके लिए दो कोर्ट तैयार किए गए हैं तथा सभी मुकाबले प्रतिदिन शाम 6 बजे से प्रारंभ होंगे। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला शाम के समय खेला जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कबड्डी महोत्सव का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक खेल कबड्डी को बढ़ावा देना तथा बच्चों एवं युवाओं को खेलों से जोड़ना है। प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए 60 शारीरिक शिक्षकों एवं लगभग 40 कार्यकर्ताओं का सहयोग रहेगा। कुल मिलाकर प्रतियोगिता के दौरान 35 से 40 मुकाबले खेले जाएंगे।

कबड्डी महोत्सव में छत्तीसगढ़ के अलावा ओडिशा, मध्यप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, झारखंड, उत्तर प्रदेश, पंजाब एवं हिमाचल प्रदेश की टीमें भी भाग लेंगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष ने जिले के कबड्डी खिलाड़ियों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।



### सागरपाली में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल की रजत जयंती पर उपभोक्ताओं का सम्मान

**सरायपाली।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल के स्थापना के गौरवशाली 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत परिसर सागरपाली में रजत जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्युत वितरण केंद्र सागरपाली अंतर्गत आने वाले विभिन्न श्रेणियों के उत्कृष्ट एवं जागरूक उपभोक्ताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कुल पांच प्रमुख श्रेणियों में उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए, जिनमें पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लाभार्थी, उत्कृष्ट घरेलू उपभोक्ता, गैर-घरेलू (व्यवसायिक) उपभोक्ता, बीपीएल श्रेणी के जागरूक उपभोक्ता, कृषक जीवन ज्योति योजना के अंतर्गत लाभान्वित किसान शामिल रहे।

# युवा शक्ति ही राष्ट्र के पुनर्निर्माण का आधार : विधायक डॉ. संपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिरदा/बसना



शासकीय नवीन महाविद्यालय पिरदा द्वारा ग्राम तरेकेला में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का समापन समारोह हर्षोल्लास और संकल्पबद्धता के साथ संपन्न हुआ। इस गरिमामय कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।

विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल मंत्र 'मैं नहीं, आप' केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक जीवन पद्धति है। पिरदा महाविद्यालय के इन युवाओं ने तरेकेला की गलियों में जो श्रमदान किया है और जो जन-जागरूकता फैलाई है, वह सिद्ध करता है कि हमारी युवा शक्ति राष्ट्र निर्माण के लिए पूरी तरह संकल्पित है।

विधायक डॉ. अग्रवाल ने महाविद्यालय के प्राचार्य, कार्यक्रम अधिकारी और समस्त प्राध्यापकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में नेतृत्व क्षमता और संवेदनशीलता का बीजारोपण करते हैं।

इस अवसर पर अध्यक्ष जनपद पंचायत पिथौरा उषा पुरुषोत्तम धृतलहरे, उपाध्यक्ष जनपद बसना मोहित पटेल, विधायक प्रतिनिधि हरप्रसाद पटेल, मंडल अध्यक्ष पिरदा अभिमन्यु प्रधान, प्राचार्य कॉलेज पिरदा अमृत लाल पटेल, जनपद सदस्य व महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष विमला बेहरा, महामंत्री मंडल पिरदा मणिराम निषाद, मीडिया प्रभारी आमोस दीप, सरपंच ग्राम पं. तरेकेला जमुना पटेल, उपसरपंच जैतकुमारी खुटे, सांसद प्रतिनिधि सुरेश नायक, भाजपा कार्यकर्ता हेतराम राठौर, सरपंच प्रतिनिधि प्रेमसागर पटेल, मंच संचालक एवं सहायक अंकित भोई, प्राध्यापक पिरदा महंत लखन मुनि, उप सरपंच प्रतिनिधि सोन साय खूटे, सचिव ग्राम पं. तरेकेला अमित साहू, पंच द्वारिका सिदार, पंच सुखेती लाल गिरी, पंच वासुदेव पोर्टे, पूर्व जनपद सदस्य लक्ष्मी बाई, पंच वृंदा खुटे, पंच लोचन नेगी, पंच शौकीलाल पटेल, पंच बिहारी लाल पोर्टे, उदय सिदार, हरिशंकर पटेल, पंच नृपति पटेल, सेतलाल खुटे, पूर्व सरपंच अंजोर सोनी, कार्यक्रम अधिकारी मकरध्वज राणा, सहायक प्राध्यापक (बिरदा) सपना भोई, महाविद्यालय के प्राचार्य, कार्यक्रम अधिकारी, विशिष्ट जनप्रतिनिधि, ग्राम पंचायत तरेकेला के पंच-सरपंच, महाविद्यालयीन स्टाफ एवं भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## सागरपाली में रजत जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया

# उत्कृष्ट विद्युत उपभोक्ताओं को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर





छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल के गौरवशाली 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत परिसर सागरपाली में रजत जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्युत वितरण केंद्र सागरपाली के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों के उत्कृष्ट उपभोक्ताओं को उनकी सजगता और सहयोग के लिए सम्मानित किया गया। मिली जानकारी अनुसार कार्यक्रम के दौरान 5 प्रमुख श्रेणियों में प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए जिसमें पीएम सूर्य घर योजना के लाभार्थी, उत्कृष्ट घरेलू उपभोक्ता, गैर - घरेलू (व्यवसायिक) उपभोक्ता, बीपीएल श्रेणी के जागरूक उपभोक्ता कृषक जीवन ज्योति योजना के अंतर्गत लाभान्वित किसान विद्युत कर्मियों के संघर्ष को किया याद गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सदस्य जनपद पंचायत बसना संतोषी अग्रवाल ने विद्युत कर्मचारियों के कठिन परिश्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक युग में बिजली जीवन का अभिन्न अंग बन चुकी है, लेकिन इसे बनाए रखने के लिए बिजली कर्मी अपनी जान जोखिम में डालकर कार्य करते हैं। उन्होंने उस दौर को भी याद किया जब साधन सीमित थे और कर्मचारी साइकिल पर सीढ़ी लादकर कई किलोमीटर तक सुधार कार्य के लिए जाते थे।

उपसंभाग भंवरपुर के सहायक यंत्री राकेश कुमार बारिक ने उपस्थित जनसमूह को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की बारीकियों, स्मार्ट मीटर के फायदों और कृषक जीवन ज्योति योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। आभार प्रदर्शन मनोज कुमार कनिष्ठ अभियंता सागरपाली द्वारा किया गया। समारोह में पारसमणि पटेल सरपंच दुलारपाली, पूर्व जनपद सदस्य सोहन पटेल और विद्युत विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण भाई-बहन उपस्थित रहे।

